sns academy
a fingerprint school
Sincerity, Nobility and Service

GRADE - 7 | Work sheet | MARKS - 20
Date - 22.07.22 | HINDI

1. निम्नलिखित कहानी को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 5

एक साधु घाट किनारे अपना डेरा डाले हुए था. वहाँ वह धुनी रमा कर दिन भर बैठा रहता और बीच-बीच में ऊँची आवाज़ में चिल्लाता, “जो चाहोगे सो पाओगे!”
उस रास्ते से गुजरने वाले लोग उसे पागल समझते थे. वे उसकी बात सुनकर अनुसना कर देते और जो सुनते, वे उस पर हँसते थे.|
एक दिन एक बेरोजगार युवक उस रास्ते से गुजर रहा था. साधु की चिल्लाने की आवाज़ उसके कानों में भी पड़ी - “जो चाहोगे सो पाओगे!” “जो चाहोगे सो पाओगे!”.
ये वाक्य सुनकर वह युवक साधु के पास आ गया और उससे पूछने लगा, “बाबा! आप बहुत देर से ***जो चाहोगे सो पाओगे*** चिल्ला रहे हो. क्या आप सच में मुझे वो दे सकते हो, जो मैं पाना चाहता हूँ?”
साधु बोला, “हाँ बेटा, लेकिन पहले तुम मुझे ये बताओ कि तुम पाना क्या चाहते हो?”
“बाबा! मैं चाहता हूँ कि एक दिन मैं हीरों का बहुत बड़ा व्यापारी बनूँ. क्या आप मेरी ये इच्छा पूरी कर सकते हैं?” युवक बोला.
“बिल्कुल बेटा! मैं तुम्हें एक हीरा और एक मोती देता हूँ, उससे तुम जितने चाहे हीरे-मोती बना लेना.” साधु बोला. साधु की बात सुनकर युवक की आँखों में आशा की ज्योति चमक उठी.
फिर साधु ने उसे अपनी दोनों हथेलियाँ आगे बढ़ाने को कहा. युवक ने अपनी हथेलियाँ साधु के सामने कर दी. साधु ने पहले उसकी एक हथेली पर अपना हाथ रखा और बोला, “बेटा, ये इस दुनिया का सबसे अनमोल हीरा है. इसे ‘*समय*’ कहते हैं. इसे जोर से अपनी मुठ्ठी में जकड़ लो. इसके द्वारा तुम जितने चाहे उतने हीरे बना सकते हो. इसे कभी अपने हाथ से निकलने मत देना.”
फिर साधु ने अपना दूसरा हाथ युवक की दूसरी हथेली पर रखकर कहा, “बेटा, ये दुनिया का सबसे कीमती मोती है. इसे ‘*धैर्य*’ कहते हैं. जब किसी कार्य में समय लगाने के बाद भी वांछित परिणाम प्राप्त ना हो, तो इस धैर्य नामक मोती को धारण कर लेना. यदि यह मोती तुम्हारे पास है, तो तुम दुनिया में जो चाहो, वो हासिल कर सकते हो.”
युवक ने ध्यान से साधु की बात सुनी और उन्हें धन्यवाद कर वहाँ से चल पड़ा. उसे सफ़लता प्राप्ति के दो गुरुमंत्र मिल गए थे. उसने निश्चय किया कि वह कभी अपना समय व्यर्थ नहीं गंवायेगा और सदा धैर्य से काम लेगा.

कुछ समय बाद उसने हीरे के एक बड़े व्यापारी के यहाँ काम करना प्रारंभ किया. कुछ वर्षों तक वह दिल लगाकर व्यवसाय का हर गुर सीखता रहा और एक दिन अपनी मेहनत और लगन से अपना सपना साकार करते हुए हीरे का बहुत बड़ा व्यापारी बना.|

(क) कौन किसे पागल समझता था ?
(ख) युवक क्या बनना चाहता था ?
(ग) साधु हमेशा क्या कहा करते थे ?
(घ) साधु ने एक-एक हथेली पर हाथ रखकर क्या बोले ?
(ङ) इस कहानी का शीर्षक लिखिए |

2. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए - (4)

(क) कुतिया
(ख) बैल
(ग) घोड़ा
(घ) हथिनी

3. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - (2)

(क) आज्ञा माननेवाला
(ख) उपयोग में आनेवाला

4. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - (5)

(क) कुत्ते के काट्ने पर _______ बीमारी होती है |
(ख) प्रभु हमें _______का दान देना |
(ग) डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारत के प्रथम ________ थे |
(घ) राजेंद्र बाबू ने गज्जन को ______ लगाया |
(ङ) किताबें हमारी अच्छी ______ हैं |

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (Answer the following question) (4)

(क) माँ ने अनुपम को क्या समझाया ?
(ख) राजेंद्र बाबू ने किसकी मदद की और क्यों